दो महत्वपूर्ण राज्यों–महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। अभी–अभी हरियाणा और जम्मू–कश्मीर में नई विधानसभाओं का गठन हुआ है। विपक्षी मोर्चे आइएनडीआइए के लिए ये चुनाव चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण भी हैं। इसलिए इसके नेताओं की सक्रियता इन दिनों बढ़ गई है। अतीत में ऐसे मौकों पर विपक्षी गठबंधन की एक प्रमुख नेता ममता बनर्जी न सिर्फ मुखर रहती थीं, बल्कि खूब सक्रियता से भाजपा को शिकस्त देने की रणनीति बनाने में जुटी भी रहती थीं, लेकिन इन दिनों वह चुप हैं। लगातार सक्रिय और संघर्षरत रहने वाली कोई राजनीतिक हस्ती जब चुप्पी साध लेती है तो सवाल उठना स्वाभाविक होता है। दिलचस्प है कि इस चुप्पी पर सवाल भी नहीं उठ रहे हैं। नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए पिछले साल 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक की अगुआई भले ही नीतीश कुमार ने की थी, लेकिन उसकी अहम रणनीतिकार बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी थीं। उन्होंने ही नीतीश कुमार को पटना में बैठक बुलाने का सुझाव दिया था। तब प्रधानमंत्री मोदी को शिकस्त देने की हर रणनीति और बैठक में ममता बनर्जी बढ़–चढ़कर हिस्सा लेती थीं, लेकिन संघर्ष और सक्रियता के लिए राजनीतिक हलकों में विख्यात ममता बनर्जी इन दिनों चुप हैं। देश की कौन कहे, अब तो बंगाल तक में उनकी मुखर आवाज नहीं सुनाई दे रही। बंगाल में छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में भी उनकी कहीं उपस्थिति नजर नहीं आ रही है। कहा जा रहा है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज की प्रशिक्षु डाक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या से उबले बंगाल ने ममता बनर्जी को झकझोर दिया है। इससे उन्हें गहरा सदमा लगा है। बंगाल का समाज अपने बुद्धिजीवियों की बड़ी इज्जत करता है। आरजी कर मेडिकल कालेज कांड के बाद बंगाल का बुद्धिजीवी समाज ममता सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आया। सिंगुर और नंदीग्राम आंदोलन के दौरान तत्कालीन बुद्धदेव भट्टाचार्य सरकार के खिलाफ भी कुछ इसी अंदाज में बंगाल का बौद्धिक तबका सड़कों पर उतर आया था। बंगाल में जब भी वहां का बुद्धिजीवी सड़कों पर उतरता है, तब राज्य में सत्ता परिवर्तन जरूर होता है। प्रेमचंद ने साहित्य को राजनीति के आगे–आगे चलने वाली मशाल बताया है। हिंदीभाषी क्षेत्रों में उनका कथन कम ही चरितार्थ होता नजर आया है, लेकिन बंगाल के संदर्भ में प्रेमचंद का यह कथन सटीक बैठता है। कभी ममता बनर्जी के साथ बंगाल का जो बुद्धिजीवी वर्ग उठ खड़ा हुआ था, वही बुद्धिजीवी समाज अब उनके खिलाफ आक्रोश से उबलता दिख रहा है। वह सिर्फ सड़कों पर ही नहीं उतर रहा, बल्कि ममता सरकार के भ्रष्टाचार और नाकामियों को लेकर नाटक भी खेल रहा है। इस प्रकार वह नुक्कड़ सभाओं में ममता सरकार की कारगुजारियों को जनता के सामने गिना रहा है। आज भाजपा को लोकसभा में बहुमत नहीं है तो इसकी बड़ी वजह बंगाल भी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में भाजपा ने 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन 2024 के चुनाव में उसे छह सीटों का नुकसान उठाना पड़ा। जबकि पार्टी वहां से 30 सीटों की उम्मीद कर रही थी। भाजपा की इस नाकामी की एक बड़ी वजह ममता बनर्जी का संघर्षशील चरित्र रहा। उन्होंने अपने संघर्ष और जुझारू रुख से पासा पलट दिया। लोकसभा में कांग्रेस और सपा के बाद ममता की तृणमूल कांग्रेस तीसरे नंबर की पार्टी है। बंगाल की भूमि पर भाजपा के अश्वमेध रथ को रोककर ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन में और अहम तथा ताकतवर होकर उभरी थीं, मगर आरजी कर मेडिकल कालेज की भयावह घटना ने उनकी नाकामियों और प्रशासनिक खामियों के साथ ही उनकी संकीर्ण राजनीति की भी पोल खोलकर रख दी है। बंगाल के लोकमानस में उबाल और उसे मिल रहे बौद्धिकों के नेतृत्व ने तृणमूल कांग्रेस को एक तरह से बैकफुट पर

धकेल दिया है। इसमें दोराय नहीं कि महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में सीधे तौर पर ममता बनर्जी का कुछ भी दांव पर नहीं है, लेकिन इसके साथ बंगाल में हो रहे उपचुनाव में उनकी पार्टी के प्रदर्शन पर सबकी नजरें होंगी। ममता बनर्जी अपने उभार के शुरुआती दिनों यानी 2012 के हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में अलग पार्टी बनाकर चुनाव मैदान में उतर गई थीं। 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी ताल ठोकने का उन्होंने एलान कर दिया था। तब की तरह भले ही वह आज झारखंड या महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में नहीं उतरतीं, लेकिन भाजपा को शिकस्त देने के लिए ये विधानसभा चुनाव और उपचुनाव ममता बनर्जी के लिए महत्वपूर्ण मौका हो सकते थे, लेकिन वह अपने स्वभाव के अनुरूप आक्रामक अंदाज में इस मौके की अनदेखी कर रही हैं। संघर्षशील और जुझारू ममता के स्वभाव में बदलाव आना मामूली बात नहीं है। इसे भारतीय राजनीति पता नहीं कितना समझ रही है, लेकिन बंगाल में महसूस होने लगा है। अब उनके समर्थक भी मानने लगे हैं।

महिला आयोग ने दिए निर्देश– महिलाएं ही लें महिलाओं के कपड़ों की नाप

लखनऊ, संवाददाता। यूपी महिला आयोग ने महिलाओं की निजता को बनाए रखने के लिए महिलाओं के कपड़ों की नाप महिलाओं द्वारा ही लेने की बात कही है।

महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण को लेकर सोमवार को महिला आयोग की बैठक की गई। बैठक के बाद सभी जिलाधिकारियों को महिला जिम, योगा सेंटर, विद्यालयों, नाट्य कला केंद्रों, बुटीक सेंटर और कोचिंग सेंटर पर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महिला आयोग की अध्यक्ष डा बबीता सिंह चौहान ने अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ बैठक कर महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण पर मंथन किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि महिला जिम और योगा सेंटर में महिला ट्रेनर का होना अनिवार्य है। साथ ही महिला जिम का सत्यापन भी होना चाहिए। ऐसे सेंटर में सीसीटीवी सक्रिय होना चाहिए और अभ्यर्थियों को पहचान पत्र देखकर ही प्रवेश दिया जाए।

आयोग ने निर्देश दिए कि विद्यालयों की बसों में महिला सुरक्षाकर्मी या महिला शिक्षिका का होना अनिवार्य है।

नाट्य कला केंद्रों में महिला डांस ट्रेनर और सीसीटीवी की व्यवस्था होनी चाहिए। बुटीक सेंटर पर महिला परिधानों की नाप लेने के लिए महिला टेलर ही होना चाहिए। कोचिंग सेंटर पर सीसीटीवी और वाशरूम की सुविधा होना अनिवार्य है।

महिला परिधानों के बिक्री केंद्रों पर महिला कर्मचारियों का होना आवश्यक है।

महिला आयोग की बैठक में अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, चारू चौधरी और सदस्य हिमानी अग्रवाल, सुनीता श्रीवास्तव, अंजू प्रजापति, पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, अनुपमा सिंह लोधी, सुजीता कुमारी समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

दोषी पुलिस अधिकारी के खिलाफ भी होगी कड़ी कार्रवाई - डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी लखनऊ में दो दिन पहले पुलिस हिरासत में व्यापारी की मौत पर सोमवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार ने इसे काफी गंभीरता से लिया है। पूरे मामले की गहनता से जांच की जाएगी। परिवार को ढांढस बंधाया। हर संभव मदद का भोरसा दिया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि चिनहट थाने में पुलिस हिरासत में मौत के मामले में उच्चस्तरीय जांच चल रही है। मामले में मां की तहरीर पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। यदि पुलिस अधिकारी भी दोषी पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि चचेरे भाई से पैसों के विवाद में पुलिस ने मोहित पांडेय को घर से उठाया था। उसे छुड़ाने के लिए थाने पहुंचे उसके भाई शोभाराम को भी पुलिस ने बंद कर दिया था। लॉकअप में उसकी आंखों के सामने भाई मोहित की तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उसकी मौत हो गई थी।

लॉकअप में मोहित के साथ बंद उसके भाई शोभाराम ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि भाई को लॉकअप में टॉर्चर किया गया है। उसे पीटा गया है। तबीयत खराब होने के बाद भी उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया गया। मामले में मां की तहरीर पर चिनहट थाना इंस्पेक्टर और चचेरे भाई आदेश सहित कई लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस हिरासत में मोहित पांडेय की मौत के बाद सोमवार को पीड़ित परिवार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से भी मुलाकात की। उनसे न्याय की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

संक्षिप्त खबरें

हादसे में बाइक सवार की मौत, 12 दिन पहले हुई थी सगाई

लखनऊ, संवाददाता। अमेठी कस्बे में रविवार को अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार का सिर डिवाइडर से टकरा गया। हेलमेट न पहने होने के चलते सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। कुछ दिन पहले ही उसकी सगाई हुई थी। गोसाईंगंज के काजीखेड़ा निवासी अमन (19) मजदूरी करते थे। उनकी बहन अंजली के मुताबिक, रविवार दोपहर अमन दोस्त सुशील उर्फ गुड्डू के साथ बाइक से बाजार गए थे। अमन बिना हेलमेट सुशील को तेल की दुकान पर छोड़कर बाइक से समोसा लेने गए थे। अमेठी स्थित आम मंडी के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। अमन का सिर भी डिवाइडर से टकरा गया था।

बजने वाली थी शहनाई, पसर गया मातम

अमन के परिवार में पिता संतोष कुमार, मां संतोष कुमारी व तीन बहने हैं। वह इकलौते बेटे थे। हादसे की खबर सुनकर संतोष कुमारी बेसुध हो गईं। 16 अक्तूबर को अमन की सगाई हुई थी। जल्द ही शादी की तिथि निकाली जानी थी।

रान्ग साइड से आने पर टोका तो ट्रैफिक सिपाही से की मारपीट

लखनऊ, संवाददाता। खुर्रमनगर चौराहे पर 26 अक्तूबर को रॉन्ग साइड से आ रहे स्कूटी सवार दो लोगों को यातायात सिपाही सुधीर रंजन ने रोका तो दोनों ने उनसे मारपीट की। इस कारण यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। अन्य पुलिसकर्मियों ने एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दूसरा युवक भाग निकला। ट्रैफिक इंस्पेक्टर शाकिर हुसैन ने स्कूटी सीज कर दी और आरोपी को थाने ले गए। इंदिरानगर इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी गुडंबा के कल्याणपुर का जगदीश चंद्र रावत है। वह बिजली विभाग में तैनात है, जबकि उसके बेटे आयुष की तलाश की जा रही है।

प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ, संवाददाता। गोमतीनगर पुलिस ने प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जाली दस्तावेज लगाकर फर्जी रजिस्ट्री कर लोगों की रकम हड़प लेते थे। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के मुताबिक 26 अक्तूबर को उर्मिला विश्वकर्मा ने प्रार्थना पत्र देकर ठगी की शिकायत की थी। पड़ताल में सामने आया कि महिला से सात लाख 20 हजार रुपये हड़पे गए हैं। विवेचना के दौरान पुलिस ने ग्वारी पुल के नीचे से विनय खंड दो निवासी रितिक अवस्थी और मल्हौर निवासी प्रदीप जायसवाल को गिरफ्तार किया।

डाक्टर के घर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ, संवाददाता। डॉक्टर शमीम के बंद घर से रविवार रात सात लाख के जेवर चुराने के आरोपी को ठाकुरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी के जेवर बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी मल्लपुर निवासी मुन्ना बाबू है। पड़ोसियों ने पुलिस को डॉक्टर के घर के पास आरोपी के टहलने की बात बताई थी। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी को पकड़कर पूछताछ की तो उसने जुर्म स्वीकार लिया। आरोपी की मां डॉक्टर के घर पर काम करती थी। इस कारण आरोपी का भी घर आना जाना रहता था। ऐसे में उसे इस बात की जानकारी थी कि जेवर कहा हैं।

जन्मदिन पार्टी में खाना खाने के बाद 76 लोगों की बिगड़ी तबीयत

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश के गोंडा में सोमवार को एक ही मजरे के करीब 76 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। बेलसर विकासखंड अंतर्गत जबरनगर तिवारी पुरवा में जन्मदिन पार्टी में दावत खाने के बाद 76 लोग उल्टी–दस्त व बुखार की चपेट में आ गए। स्वास्थ्य टीम ने गांव पहुंचकर 37 लोगों का प्राथमिक उपचार किया, जबकि 39 संक्रमितों को बेलसर व तरबगंज सीएचसी में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। संक्रामक रोग सेल की टीम ने भी गांव में डेरा डाल दिया है। खाने के सैंपल को जांच के लिए भेजा गया है। जबरनगर के तिवारी पुरवा निवासी अनंतराम के पौत्र व ओम नारायण के बेटे साहिल का शनिवार को 7वां जन्मदिन समारोह था। जिसमें गांव के लोग व रिश्तेदारों को दावत में बुलाया गया था। शनिवार देर शाम खाना खाने के बाद रविवार सुबह से कई लोग उल्टी–दस्त व बुखार से पीड़ित होकर बीमार पड़ने लगे। पहले लोगों ने मेडिकल स्टोर से दवा ली। आराम न मिलने व बड़ी संख्या में बीमार पड़ने के कारण बेलसर के ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह गुड्डू ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. सतपाल सोनकर को फोन कर सूचना दी। सीएचसी बेलसर के चिकित्साधिकारी डॉ. सौरभ तिवारी की अगुवाई में स्वास्थ्य टीम ने गांव पहुंचकर लोगों की जांच की। उन्होंने बताया कि सामान्य मरीजों को प्राथमिक उपचार दिया गया। गंभीर बीमारों को एंबुलेंस से बेलसर व तरबगंज सीएचसी भेजा गया, जहां भर्ती कर उनका उपचार कराया गया। सोमवार को बेलसर सीएचसी में 22 मरीज व तरबगंज सीएचसी में 17 मरीज भर्ती कराए गए हैं। दूसरी तरफ सूचना मिलने पर सीएमओ कार्यालय स्थित संक्रामक रोग सेल की टीम ने भी गांव में पहुंचकर निरोधात्मक कार्रवाई शुरू कर दी। घर–घर में क्लोरीन की गोली व ओआरएस का पैकेट दिया गया। तरबगंज विधायक प्रेमनरायन पांडेय को सूचना मिली तो उन्होंने अपने पुत्र व जिला पंचायत सदस्य विनोद पांडेय को सीएचसी भेजा। विनोद ने सीएचसी पहुंचकर मरीजों का हाल–चाल जाना और अधीक्षक को उचित उपचार करने को कहा। सोमवार की तड़के करीब 3 बजे से समस्या अधिक हुई। इसके बाद सुबह लोगों ने सीएचसी, बेलसर में सूचना दी। सूचना पर सीएचसी अधीक्षक टीम के साथ गांव पहुंचे। यहां उन्होंने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर सौरभ तिवारी सहित पूरी टीम उपचार में लगी है। बेलसर सीएचसी पर 22 मरीज तो तरबगंज सीएचसी पर 14 मरीज भर्ती कराए गए हैं। बेलसर सीएचसी के अधीक्षक डॉ. सतपाल सोनकर ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्य के यहां आयोजित जन्मदिवस समारोह में पूड़ी–सब्जी, दाल–चावल व छोला की सब्जी तथा दही बड़ा बना था। वहीं अधिकांश बीमारों ने जन्मदिन का केक भी खाया था। इससे संभावना जताई जा रही है कि खाने में कोई दिक्कत थी। जिन्होंने खाना खाया था, सिर्फ वही लोग बीमार हुए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाने का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि सभी बीमारों को सीएचसी पर भर्ती कराया गया है।

बाइक हटाई तो व्यापारी के परिवार पर किया हमला, पोती जख्मी

लखनऊ, संवाददाता। बाजारखाला में पड़ोसी ने बेटों के साथ मिलकर व्यापारी की कार पर पथराव कर दिया। घटना में व्यापारी की पोती घायल हो गई।

पुलिस ने चार नामजद व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की, जबकि चाचा–भतीजा को गिरफ्तार कर लिया। ऐशबाग एलडीए कॉलोनी के सय्यद लईक अहमद व्यापारी हैं। उनके मुताबिक 26 अक्तूबर को वह बेटे और पोती सायरा के साथ कार से भाई के घर जा रहे थे। पड़ोसी संजय की बाइक रास्ते में खड़ी थी। हॉर्न बजाने पर जब कोई नहीं आया तो व्यापारी का बेटा बाइक हटाने लगा। यह देखकर संजय, उनके दो बेटे वैभव व शौर्य, मुख्य आरोपी का भाई कृष्णा व अन्य लोगों ने लईक की कार पर पथराव कर दिया। एक पत्थर उनकी पोती के सिर पर लगा और वह बेहोश हो गई। व्यापारी जान बचाकर बाजारखाला थाने पहुंचे और शिकायत की।

इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य के मुताबिक आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या की कोशिश, हत्या का प्रयास व अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपी कृष्ण कुमार पर शांतिभंग में कार्रवाई की गई है। उसके भतीजे वैभव को जेल भेजा गया है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

दीपोत्सव को गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल करने की तैयारी

लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में इस बार अयोध्या दीपोत्सव में डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 30 हजार वॉलेंटियर्स द्वारा एक–एक दीये प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव में पिछला रिकार्ड तोड़ने की तैयारी है। सोमवार देर शाम तक सरयू के 55 घाट पर दीये सजाने का काम 30 हजार वॉलेंटियर्स द्वारा किया जाता रहा। वहीं मंगलवार को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की 30 सदस्यीय टीम घाटों पर पहुंचकर दीयों की गिनती करेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विश्वविद्यायल और जिला प्रशासन सरयू घाट पर कुल 28 लाख दीपकों को सजा रहा है। वहीं पूरे अयोध्या की बात करें तो करीब 35 लाख से अधिक दीये जलाने की संभावना है। वहीं दूसरी ओर घाटों पर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था भी सख्त कर दी गई है। बिना आईकार्ड के वालंटियर व अन्य लोगों के प्रवेश को प्रतिबन्धित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन व जिला प्रशासन के सहयोग से 30 अक्टूबर को सायं होने वाले दीपोत्सव के लिए पूरी ताकत लगा दी है। जहां एक तरफ मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो गोयल ने दीपोत्सव को भव्य एवं अलौकिक बनाने के लिए भारी भरकम टीम उतार दी है, वहीं जिला प्रशासन की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग व विवि के प्राथमिक चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्र भी मुस्तैद हो गए हैं। कुलपति के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्राथमिक चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्साधिकारी डॉ. दीपशिखा चौधरी अगुवाई में भी टीम का गठन कर दिया गया है। आपात स्थिति से निपटने के लिए घाटों पर पांच कंट्रोल रूम बनाये गए हैं। दूसरी ओर विवि के नगर निगम की मदद से घाटों की स्वच्छता के लिए टीमें उतार दी गई है। स्वच्छता के वाहनों द्वारा निरन्तर घाटों की साफ–सफाई कराई जा रही है। विवि के दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो संत शरण मिश्र ने बताया कि दीपोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए सोमवार को तीसरे दिन सभी वालंटियर 16 गुणे 16 के प्रत्येक ब्लॉक में 256 दीये सजा रहे हैं। 25 लाख दीपों को जलाने का रिकार्ड बनाने के लिए देर शाम तक 28 लाख दीये बिछाने का कार्य अब संपन्न होने की कगार पर है। 29 अक्टूबर दिन को गिनीज वर्ल्ड रिकार्डस की टीम के कंसल्टेंट निश्चल बरोट की अगुवाई में 30 लोगों की टीम व विवि की गणना समिति के सदस्यों द्वारा 55 घाटों पर सजाये गए दीपों की गणना देर शाम तक की जायेगी। वहीं 30 अक्टूबर को 28 लाख दीयों में तेल, बाती लगाकर देर शाम प्रज्ज्वलित करने के साथ एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी डॉ विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि दीपोत्सव की भव्यता के लिए कुलपति ने दीपोत्सव नोडल अधिकारी को निर्देशित किया है कि समिति के संयोजकों से सामंजस्य बनाते हुए कार्यों को अंतिम रूप प्रदान किया जाए।

दिवाली को लेकर डीजीपी ने दिए सख्त निर्देश

लखनऊ, संवाददाता। डीजीपी प्रशांत कुमार ने त्योहारों के दौरान प्रमुख बाजारों में पर्याप्त पुलिस बल के साथ एंटी रोमिया स्क्वायड तैनात करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मातहतों से कहा कि धनतेरस, दीपावली आदि पर सर्राफा तथा अन्य बाजारों में भीड़भाड़ होती है। लिहाजा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पुलिस एवं पीएसी बल के साथ सघन फुट पेट्रोलिंग की जाए। पूर्व में घटित घटनाओं के दृष्टिगत हॉटस्पाट चिन्हित कर गश्त कराई जाए। उन्होंने कहा कि छोटी से छोटी सूचनाओं को गंभीरता से लेकर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर विवाद को हल कराएं। जिलों में रिजर्व पुलिस कर्मियों की टीम बनाकर क्यूआरटी के रूप में रखा जाए। विस्फोटक पदार्थ, पटाखा विक्रेताओं के लाइसेंस धारकों की सूची थानावार अपडेट कर ली जाए। विस्फोटक पदार्थों के निर्माण स्थलों की आकस्मिक चेकिंग एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के साथ की जाए।

दीपोत्सव के दौरान हो एक्सेस कंट्रोल की व्यवस्था

उन्होंने कहा कि अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में एक्सेस कंट्रोल की व्यवस्था की जाए। सभी धर्मशालाओं, होटलों, ढाबों, सराय आदि पर सतर्क दृष्टि रखी जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं स्थानों की चेकिंग की जाए। सरयू नदी में पेट्रोलिंग के लिए मानक संचालन प्रकिया (एसओपी) तैयार की जाए। दीपोत्सव के दौरान अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट व्यक्तियों के भ्रमण स्थल एवं समस्त कार्यक्रम स्थल की चेकिंग एएस चेक टीम एवं बीडीडीएस टीम द्वारा करा ली जाए। महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा मानक के अनुसार सुनिश्चित की जाए।

जातिसूचक टिप्पणी के आरोप में फूलपुर से सपा प्रत्याशी पर एफआईआर

लखनऊ, संवाददाता। फूलपुर उपचुनाव के लिए सपा के उम्मीदवार मुज्तबा सिद्दीकी पर सराय इनायत में एफआईआर दर्ज की गई है। बसपा के फूलपुर विस क्षेत्र अध्यक्ष राजकुमार गौतम ने अपनी पार्टी व जाति विशेष को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। एफआईआर में उन्होंने आरोप लगाया है कि फूलपुर उपचुनाव के प्रचार–प्रसार के दौरान सपा प्रत्याशी ने एक समाचार चौनल की डिबेट में बसपा व जाति विशेष को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। इसमें एससीध एसटी एक्ट भी लगाया गया है। सरायइनायत प्रभारी संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

मैंने इस तरह का बयान दिया ही नहीं – मुज्तबा

मुज्तबा ने कहा कि सोशल मीडिया पर मेरे बयान को तोड़–मरोड़कर पेश किया जा रहा है। जबकि, मैंने इस तरह का बयान दिया ही नहीं। मैं पूर्व में बसपा का सिपाही रहा हूं और तीन बार का विधायक भी रहा हूं। मेरी ऐसी कोई दुर्भावना किसी समाज के प्रति नहीं है। फिर भी मेरे बयान से अगर किसी की भावना को कोई ठेस पहुंची हो तो मैं क्षमा प्रार्थी हूं। मेरे साथ फूलपुर का सर्व समाज है। मैं डॉ.अंबेडकर और डॉ.लोहिया की विचारधारा को मानने वाला व्यक्ति हूं।

हिट एंड रन के जरिए भी हो रहे डिजिटल अरेस्ट

लखनऊ, संवाददाता। डिजिटल अरेस्ट करने वाले अपराधियों का शिकार केवल सोशल मीडिया पर ज्यादा सक्रिय रहने वाले लोग ही नहीं बनते हैं, बल्कि इनके संगठित गिरोह हिट एंड रन के फॉर्मूले के जरिए भी आसानी ने फंसा लेते हैं। राजधानी स्थित एसजीपीजीआई की महिला डॉक्टर के साथ भी ऐसा ही हुआ था। इस गिरोह की तलाश करने में एसटीएफ को भी खासी मशक्कत करनी पड़ी थी, जिसके बाद पांच राज्यों की खाक छानने के बाद असली गुनहगारों का पता चला था। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों के बाद डिजिटल अरेस्ट पुलिस के लिए चुनौती बन चुका है। ऐसे अधिकांश मामलों में पुलिस तक शिकायत नहीं पहुंचती है अथवा वह साइबर क्राइम सिक्योरिटी पोर्टल 1930 पर शिकायत कर कार्रवाई का इंतजार करते रह जाते हैं। डिजिटल अरेस्ट के मामलों की जांच करना भी आसान नहीं होता है। इनका नेटवर्क कई राज्यों के साथ खाड़ी देशों तक है, जिसकी वजह से कई बार हड़पी गई रकम की बरामदगी नहीं हो पाती है। इस रकम को खाड़ी देशों में ट्रांसफर करने के बाद क्रिप्टो करेंसी में बदल दिया जाता है। बाद में इसे वापस अपने खाते में मंगाकर आपस में बांट लिया जाता है। इससे अपराध करने वाले की पहचान नहीं हो पाती है।

बड़े फायदे के लिए जुड़े

डिजिटल अरेस्ट भले की एक व्यक्ति अपनी पहचान बदल करता है, लेकिन इसके पीछे पूरा संगठित गिरोह होता है। सीबीआई, नारकोटिक्स, कस्टम, पुलिस, ईडी आदि एजेंसी का अधिकारी बताकर लोगों को ठगा जाता है। अपराध करने वाला वर्दी के साथ ऑफिस का सेटअप भी बना लेता है ताकि किसी को शक न हो। गिरोह सोशल मीडिया के साथ हिट एंड रन (रैंडम कॉल) के तरीके से भी लोगों को शिकार बनाता है। इसमें सफल रहने पर गिरोह के बाकी सदस्यों की भूमिका शुरू होती है और वह पीड़ित को पूरी तरह अपने जाल में फंसा लेते हैं।

हड़बड़ी से फंसते हैं लोग

एसजीपीजीआई की डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट करने वाले गिरोह को पकड़ने वाले एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक सिंह के मुताबिक अधिकतर मामलों में लोग हड़बड़ी करने की वजह से फंसते हैं। गिरोह के सदस्य अक्सर ऐसे तरीकों से फंसाते हैं, जो किसी भी व्यक्ति को आसानी से भयभीत कर दे। लोग इसे खुद पर आई कोई मुसीबत मानकर डर जाते हैं, जिसका फायदा अपराधियों को होता है। लिहाजा इस तरह की कॉल आने पर बिना डरे अपने करीबियों और पुलिस को सूचित करना चाहिए। कोई भी एजेंसी अथवा पुलिस किसी को फोन करके उसके अपराध में शामिल होने के बारे में नहीं बताती है।

आसान नहीं रकम की वापसी

इस तरह के मामलों में कई बार ठगी गई रकम की वापस भी आसान नहीं होती है। यदि पुलिस रकम को बरामद कर लेती है तो उसे अदालत के आदेश पर पीड़ित को दिया जाता है। हालांकि इसके लिए पीड़ित को अदालत में गारंटी की रकम जमा करानी होती है। कई मामलों मे पीड़ित अपनी पूरी पूंजी गंवा चुका होता है, जिसकी वजह से उसे अदालत के जरिए रकम वापसी में मुश्किलें आती हैं।

पुलिस हिरासत में मौत– पुलिस पर उठ रहे गंभीर सवाल

लखनऊ, संवाददाता। चिनहट पुलिस की अभिरक्षा में व्यापारी मोहित पांडेय की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले को दबाने में जुटी पुलिस उलझ गई है। पुलिस यह स्वीकार कर रही है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मोहित के शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे। इसका कारण पुलिस मोहित व आदेश के बीच हुई मारपीट को बता रही है। ऐसे में सवाल ये है कि अगर मोहित चोटिल थे तो उन्हें लॉकअप में क्यों डाला गया?

पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट क्यों नहीं दर्ज की? पुलिस ने महज शांतिभंग में कार्रवाई की और लॉकअप में तड़प रहे मोहित को मदद नहीं पहुंचाई। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने सोमवार को चिनहट कोतवाली में तैनात दो अन्य निरीक्षकों को कोतवाली से हटा दिया। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक चिनहट प्रकाश सिंह को आशियाना और आनंद भूषण को गोमतीनगर विस्तार थाना भेजा गया है। वहीं, दरोगा सफात उल्ला खां को आशियाना से चिनहट कोतवाली का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है। खास बात ये है कि अभी तक मामले में एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। यही नहीं, परिवार का आरोप है कि जिन पुलिसकर्मियों ने मोहित की पिटाई की थी, उनकी पहचान भी उजागर नहीं की गई है। डीसीपी का कहना है कि विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

विधायक के फोन से दबाव में आए थे इंस्पेक्टर

मोहित पांडेय के दोस्त राहुल ने इस मामले में एक विधायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राहुल का कहना है कि आदेश के चाचा विधायक के लिए ठेकेदारी करते हैं। उनके कहने पर विधायक ने तत्कालीन इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी चतुर्वेदी को फोन किया था। दबाव में आकर मोहित की पिटाई कर लॉकअप में डाल दिया गया था। सूत्रों का कहना है कि पुलिस को आदेश के फोन से बातचीत का एक ऑडियो मिला है। इसके बारे में पुलिस जांच कर रही है।

उपमुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

पीड़ित परिवार से सोमवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मुलाकात कर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि मामले में जो भी दोषी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बोले, मैं हर परिस्थिति, हर कदम पर पीड़ित परिवार के साथ हूं। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने परिवार के बच्चों से भी बात की।

मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

डीसीपी पूर्वी ने जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार को मजिस्ट्रेटी जांच के लिए पत्र भेजा है। डीएम के मुताबिक मजिस्ट्रेटी जांच की कार्रवाई की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गार्ड की मौत का रहस्य गहराया

लखनऊ, संवाददाता। कृष्णानगर में 19 अक्तूबर को एक नामी होटल से संदिग्ध हालात में गिरकर हुई गार्ड नितिन (46) की मौत का रहस्य गहराता चला जा रहा है। घटनास्थल से उसका मोबाइल भी गायब था। मृतक के भाई ने रविवार को कृष्णानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आलमबाग के वीआईपी रोड पर रहने वाले जितेंद्र कुमार के मुताबिक उनके भाई नितिन दामोदर नगर में रहकर स्टीडफास्ट सिक्योरिटी कंपनी में काम करते थे।

19 अक्तूबर को उनकी ड्यूटी होटल के पांचवें तल पर थी। देर रात ड्यूटी के दौरान वह संदिग्ध हालात में सातवें तल से गिर गए थे। जितेंद्र का आरोप है कि घटनास्थल से भाई का मोबाइल और पर्स गायब था। मोबाइल पर कॉल जा रही है, पर कोई उठा नहीं रहा है। उन्होंने दोबारा जांच की मांग की है। इंस्पेक्टर पीके सिंह के मुताबिक मामले की तफ्तीश की जाएगी।

क्षेत्र में वैज्ञानिक आध्यात्मवाद की आधार शिला है, पिहानी पब्लिक स्कूल - अतुल कपूर

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) धनतेरस/दीपावली पर्व पर पिहानी पब्लिक स्कूल में बडे ही धूमधाम से दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतुल कपूर ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय साइंस और संस्कारों का संगम है। क्षेत्र में वैज्ञानिक अध्यात्मवाद की आधारशिला है। संस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर रहे बच्चों को अतिथियों ने मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें छात्र–छात्राओं ने रंगोली, दीप सज्जा व थाल सज्जा के साथ प्रतिभाग कर अपना जलवा बिखेरा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया। स्कूल में बच्चों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों का सुंदर मंचन किया, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों को प्रदर्शित किया गया। बच्चों ने भगवान श्रीराम के जीवन चरित के आधार पर एक से बढ़कर एक ऐसी प्रस्तुतियां दीं कि सब दंग रह गए। रामायणकालीन वेशभूषा में सज–धजकर आये नन्हे–मुन्हे बच्चों ने कुशल अभिनय के साथ रामायण का प्रसंगों का मंचन प्रस्तुत कर भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि अतुल कपूर,विशिष्ट अतिथि नवनीत बाजपेई,विद्यालय के अध्यक्ष अवधेश रस्तोगी, आशुतोष रस्तोगी , प्रधानाचार्य गौतम मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अखण्ड भारत को बनाने में सरदार बल्लभ भाई पटेल का महत्वपूर्ण योगदान – जिलाधिकारी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर 2024 को स्वत्रंत भारत के वास्तुकार, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है, इस वर्ष दिनांक 31 अक्टूबर 2024 को दीपावली अवकाश के कारण शासन के निर्देश के क्रम में 29 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया, जिसके क्रम में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट के कर्मचारी व अधिकारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गयी।

इस दौरान उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने, देशवासियों के बीच इस संदेश को प्रसारित करने तथा अपने देश की एकता की भावना विकसित करने और देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का शपथ दिलाया।

जिलाधिकारी ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की रियासतों का भारत में विलय कराकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को सुनिश्चित किया ऐसे भारत के अमर सपूत, स्वतंत्रता सेनानी और भारत के प्रथम गृहमंत्री के रूप में उनका योगदान निश्चित रूप से अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि अखण्ड भारत को बनाने में सरदार बल्लभ भाई पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसके कारण आजाद भारत अखण्ड भारत के रुप में परिलक्षित हुआ।

मरीजो का बेहतर इलाज करना प्रसिद्ध ईएनटी विशेषज्ञ डा. गौरव श्रीवास्तव की मुख्य प्राथमिकता

अयोध्या। नाक कान व गला रोग विशेषज्ञ डाक्टर गौरव श्रीवास्तव की ख्याति सिर्फ अयोध्या जिले मे ही बल्कि आसपास के जिलो मे तेजी से फैल रही है। इसका मुख्य कारण उन्होने कम कम समय में एक से एक नाक कान व गले का जटिल ऑपरेशन कर मरीजो को फिर से ठीक किया हुआ है।कोतवाली नगर क्षेत्र के स्मार्ट बाजार के सामने शक्ति नगर कालोनी स्थित कैलाश ईएनटी एंड पेन क्लीनिक नाक, कान व गला रोग से ग्रसित रोगियो ने बताया हम लोग गैर जिले से इनके पास अपना इलाज कराने इसलिये आये हुये है क्योकि हम सभी इनकी ख्याति काफी लोगो से सुनी हुई है।ईएनटी विशेषज्ञ डाक्टर गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य हमारे आने मरीजो को बेहतर इलाज करना व उन्हे स्वास्थ करना है।उन्होने बताया कि हमारे यहाँ कान के पर्दे एवं गली हड्डी के ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया जाता है।किसी रोगी के कान में अगर सीटी बजने एवं कम सुनाई देती है तो उसका इलाज किया जाता है। चेहरे,नाक व जबड़े के फ्रेक्चर का सफल ऑपरेशन अत्या धुनिक विधि से किया जाता है।वही साइनस एवं नेसल पॉलिप के रोगियो का ऑपरेशन सावधानी पूर्वक किया जाता है।

इसके अलावा सीएसएफ राइनोरिया का एण्डोस्कोपि द्वारा ऑपरेशन किया जाता है।अखसूर के ऑपरेशन (आंखों से पानी आना),नाक की टेड़ी हड्डी का ऑपरेशन,थायराइड की जटिल सर्जरी एवं टांसिल का ऑपरेशन,मुख एवं गले के कैंसर के ऑपरेशन,माइक्रोलेरिंजियल सर्जरी (स्वर तंतू के ऑपरेशन) भी किया जाता है।उन्होने बताया कि इसके अलाला दूरबीन द्वारा श्वास नली की जाँच (ब्रॉकोस्कोपी) की सुविधा,दूरबीन द्वारा आहार नली की जाँच (एण्डोस्कोपी) एवं फोरेन बॉडी निकालने की सुविधा व पेरोटिड ग्रन्थि के ऑपरेशन एवं नाक, कान व गले की एलर्जी का ईलाज संभव है।

भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, लखनऊ में हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुस्कार वितरण समारोह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय लखनऊ में सोमवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक, शरद सत्यनारायण चांडक ने पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित छह प्रतियोगिताओं के साथ ही मंडल स्तरीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता तथा चित्रांकन एवं कैलिग्राफी प्रतियोगिता 3.0 के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस क्रम में, मंडल प्रबंधन समिति द्वारा मंडल की त्रैमासिक पत्रिका "वातायन" के साथ ही राजभाषा ज्ञान पुस्तिका के पांचवें संस्करण का भी विमोचन किया गया। राजभाषा ज्ञान पुस्तिका एक विशेष

प्रस्तुति है जिसका लक्ष्य स्टाफ सदस्यों को राजभाषा संबंधी विभिन्न नियमों की जानकारी सरल, सहज शब्दों में एक जगह उपलब्ध कराना है। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक, शरद सत्यनारायण चांडक ने कहा कि "हिंदी की ग्रहणशील प्रवृत्ति और वैज्ञानिकता संदेह से परे है। यही वह भाषा है जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक और गुजरात से सुदूर उत्तर पूर्व तक प्रत्येक भारतवासी को एक दूसरे से जोड़ने का काम करती है। हिंदी उन चुनिन्दा विश्व भाषाओं में है जिनमें उच्चारण और लिपि इस हद तक एकमेव है कि जैसा लिखा जाता है, वैसा ही बोला भी जाता है। हिंदी की इन्हीं खूबियों ने इसे आम जन–मानस के हृदय में गहरा स्थान दे रखा है। आज हर क्षेत्र में हिंदी की सम्मानजनक उपस्थिति देखी जा सकती है। देश के हिंदीतर भाषी क्षेत्रों में भी हिंदी के प्रति स्नेहिल आकर्षण का भाव विद्यमान है, क्योंकि वे जानते और महसूस करते हैं कि भारत के प्रत्येक क्षेत्र एवं लोगों के आत्मसम्मान को बिना चोट पहुँचाये, इसकी सामासिक संस्कृति के सब तत्त्वों की अभिव्यक्ति का कोई सच्चा माध्यम हो सकती है तो वह हिंदी ही। इस अवसर पर महाप्रबंधक–प्रथम अनिल कुमार, महाप्रबंधक–द्वितीय एमएलवीएस प्रकाश एवं महाप्रबंधक–तृतीय कौशलेन्द्र कुमार ने भी उद्बोधन दिया। मंडल विकास अधिकारी, राजेश कुमार मीणा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आगे भी इस तरह के कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित करने की अपेक्षा राजभाषा विभाग से व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबन्धक (राजभाषा), दिवाकर मणि ने किया।

खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन के द्वारा मिलावट करने वाले प्रतिष्ठानो पर लगातार कसा जा रहा शिकंजा

अयोध्या। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर मंगलवार को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व जैसे पर्व पर आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिये लिये खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी व कर्मी लगातार छापेमारी कर मिलावट करने लोगो पर विभागीय कार्यवाही करने मे जुटे हुये है। इस संबंध खाद्य सुरक्षा एवं औषधि सहायक आयुक्त द्वितीय मानिक चंद सिंह ने बताया कि विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद में खाद्य पदार्थों के 4 नमूने लेकर जाँच हेतु प्रयोगशाला को भेजा गया। इसके अलाला 28900/– मूल्य के 196 किग्रा खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया गया। उन्होने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर उपजिलाधिकारी रुदौली एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व/निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन दल द्वारा नवाब बाजार रुदौली स्थित हाजी मंसूर स्वीट शॉप से खोया एवं छेना मिठाई के नमूने लिए गये तथा रू6660/– की 26 किग्रा रंगीन मिठाइयाँ नष्ट कराई गयी। वही शुजागंज बाजार स्थित बंटी स्वीट से दूध की बर्फी का नमूना लिया गया तथा रू14400/– मूल्य की 60 किग्रा रंगीन चटनी नष्ट कराई गई। इसी बाजार में गौरी स्वीट से छेना स्वीट का नमूना लिया गया तथा रू8500/– मूल्य की 50 किग्रा रंगीन इमरती नष्ट कराई गयी।शुजागंज बाजार में रंगीन खिलौना के विक्रेता सतनाम के यहां रू6000/– मूल्य के 60 किग्रा रंगीन खिलौना नष्ट कराया गया।उन्होने बताया कि जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। आम जनमानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के प्रयोजन से प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही जारी रहेगी। प्रवर्तन दल में जनपद के खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण श्री दिनेश सिंह, संतोष साहू, अनूप सिंह और सुमित चौधरी उपस्थित रहे।

सभी अयोध्यावासियों को धनतेरस, दीपावली एवं भाईदूज की शुभकामनाएं

डा. अजय तिवारी
अवध क्लिनिक
शाहजहांपुर, बेनीगंज अयोध्या।

डा. एस के मौर्या
अवध क्लिनिक
वजीरगंज जप्ती, अयोध्या

सभी अयोध्यावासियों को धनतेरस, दीपावली एवं भाईदूज की शुभकामनाएं

राधारमण वस्त्रालय महिमा स्कूल के बगल पंडित का पूरा, हाथपाकड़, अम्बेडकर नगर

सेंट मैरीज कान्वेंट की छात्रा ने लगाई फांसी, मौत के लिए कालेज को ठहराया जिम्मेदार

प्रयागराज, संवाददाता। शहर के नामी सेंट मैरीज कॉन्वेंट इंटर कॉलेज की नौवीं कक्षा की छात्रा जैना हुसैन खान ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसने यह कदम तब उठाया जब उसके माता–पिता घर पर नहीं थे। छात्रा ने अपने सुसाइड नोट में अपनी मौत के लिए सेंट मैरीज कॉलेज प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। छात्रा ने सुसाइड नोट में लिखा है कि इस स्कूल को बंद कर देना चाहिए। प्रीतमनगर के अरफत खान की पुत्री जैना हुसैन खान ने 22 अक्तूबर की सुबह अपने कमरे में तब फांसी लगाई, जब घर में माता–पिता नहीं थे। छोटा भाई सो रहा था। मौत से कुछ समय पहले उसने अपनी क्लास टीचर के साथ व्हाट्सएप पर चौटिंग भी की थी। हालांकि उसका वह आखिरी चौट उसके मोबाइल से किसी ने डिलीट कर दिया है। पता चला कि जैना की मौत के समय उसकी मां सुफिया रशीद घर से बाहर निकलीं थीं। वापस आने पर बेटी को फंदे पर लटकता देख उनकी चीख निकल गई। शोर मचने पर आसपास के लोग जुट गए। शव को फंदे से उतारा गया। मां सूफिया ने इस घटना की जानकारी वाराणसी में आईसीआईसीआई बैंक में तैनात जैना के पिता अरफत खान को दी।

जैना के कमरे में सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा है कि मम्मा–अब्बू मुझे माफ करना। आप मुझसे बहुत प्यार करते थे। मैं भी आपसे प्यार करती हूं। मेरी मौत से जुड़ी सारी बातें जानने के लिए यह मेरी डायरी आप जरूर पढ़ लीजिएगा। मुझको प्यार करने, जानने और नफरत करने के लिए भी जरूरी है कि इस डायरी को पढ़ लीजिएगा। अपनी मौत के लिए मैं सिर्फ अपने स्कूल को जिम्मेदार ठहरा रही हूं। सिर्फ और सिर्फ मेरा स्कूल ही इस घटना के लिए दोषी है। इस स्कूल को बंद कर देना चाहिए। वहां बहुत दबाव और तनाव है। एसएमसी राजनीति और मानसिक यंत्रणा का अड्डा बन चुका है। मैं अपने माता पिता को इसके लिए परेशानी में नहीं डालना चाहती. ..। आई लव यू मम्मा–अब्बू।

जैना के इस सुसाइड नोट के आधार पर सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने प्रिंसिपल लिस्सी और क्लास टीचर शिखा को तलब किया है। जैना के पिता अरफत ने बताया कि उनकी बेटी अब वापस नहीं आएगी। लेकिन, मौत के लिए कॉलेज को ही उसने जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, अरफत और सूफिया ने इस घटना की तहरीर अभी तक पुलिस को नहीं दी है, लेकिन वह इंसाफ चाहते हैं। उधर, इस मामले में बिशप लुइस मस्करेनस से बात की गई तो उन्होंने इस घटना पर अपनी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। अभी तक परिजनों ने तहरीर नहीं दी है। छात्रा की मौत की घटना की जानकारी उन्हें मिली है। सुसाइड नोट मिलने और शिकायत के आधार पर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

मौत से एक दिन पहले जैना को अभिभावकों के साथ कॉलेज बुलाया गया था

परिजनों के मुताबिक छात्रा की मौत से एक दिन पहले सुबह 6रू12 बजे क्लास टीचर ने फोन कर जानकारी दी थी कि वह पढ़ाई में बहुत कमजोर है। अभिभावकों को जैना को लेकर 10रू30 बजे कॉलेज आने के लिए कहा गया था। तब क्लास टीचर ने कहा था।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।